हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 28 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री



12 हरियाणवी लोकगीतों पर जमकर झूमी महिलाएं




12 19 परीक्षा केंद्रों पर सीईटी की परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न



## खबर संक्षेप

### अंबाला: विवाहिता जेवर और नकदी ले गई

**अंबाला।** शादी के सात माह बाद विवाहिता घर के जेवरात व नकदी ले गई। अंबाला शहर पुलिस को शिकायत देकर रविदास बस्ती के अकबर अली ने बताया कि उसकी शादी 10 दिसंबर 2024 को यमुनानगर की सादिया के साथ हुई है। आरोप लगाया कि पत्नी सादिया उसे व अन्य किसी परिवार के सदस्य को बिना बताए शनिवार को जेवरात व एक लाख 10 हजार रुपये की नकदी व अन्य दस्तावेज लेकर चली गई। अपने स्तर पर तलाश करने पर कोई सुराग नहीं लगा।

### राजमिस्त्री के औजार और मशीन चोरी

**अंबाला।** गोल्डन पार्क स्थित एक मकान से राजमिस्त्री के औजार व मशीन चोरी हो गई। अंबाला सदर पुलिस को शिकायत देते हुए धुराला गांव के जगतार सिंह ने बताया कि वह राज मिस्त्री ठेकेदारी का काम करता है। वह गोल्डन पार्क के एक मकान में काम कर रहा है। 11 जुलाई को वह अपना सामान व औजार रखकर चला गया था। अब आकर देखा तो एक हैम्बर मशीन,1 कटर, ग्रेंडर मशीन गायब है। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है।

### युवक ने सास व पुत्रवधू पर चाकू से किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की लाजपत नगर कॉलोनी में शमशान घाट के पास एक युवक ने सास व पुत्रवधू पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। लाजपत नगर निवासी बसंती ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पुत्रवधू गुलसता के साथ गत 26 जुलाई को शाम चार बजे किसी काम से जा रही थी। रास्ते में उसे कॉलोनी का ही अमित मिला। आरोपी ने उन दोनों के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी ने उन दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में वह दोनों घायल हो गई।

### पानीपत में ई रिक्शा चोर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने ई रिक्शा चोरी के आरोपी सलीम पुत्र प्यार मोहम्मद निवासी राजीव कॉलोनी मनाना रोड समालखा को गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज रोहताश ने बताया कि आरोपी ने उक्त ई रिक्शा 15 जुलाई की रात कृष्ण पुरा में एक घर के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा। ई रिक्शा चोरी की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में किशनपुरा निवासी बंटी पुत्र रामप्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### एटीएम से नकदी चोरी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने एटीएम मशीन से धोखाधड़ी करने वाले दो शातिर आरोपियों मोहम्मद आयान पुत्र मोहम्मद इमरान निवासी पूजा कॉलोनी लोनी व आफताब अहमद पुत्र असलम अंसारी निवासी नरगदी बिजनौर हाल पूजा कॉलोनी लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश को चौटाला रोड से गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी फूल कुमार ने बताया कि उक्त वारदात बारे थाना माडल टाउन में जाटल रोड कश्यप नगर देशवाल चौक निवासी पंकज की शिकायत पर केस दर्ज है।

### चोरों ने नकदी समेत हजारों का सामान

**यमुनानगर।** जगाधरी की श्रीनगर कॉलोनी में चोरों ने एक घर में घुसकर 11 हजार रुपये की नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। वहीं, एक अन्य स्थान से चोरों ने शिव मंदिर के दानपात्र से हजारों रुपये व अन्य समान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। श्रीनगर कॉलोनी जगाधरी निवासी गगन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

## कुरुक्षेत्र: झमाझम बारिश ने उमस भरी गर्मी से दिलाई राहत, किसानों के चेहरे खिले

**बारिश से निचले इलाकों में जलभराव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

रविवार शाम को हुई झमाझम बारिश से कई मोहल्लों व गलियों में कीचड़ की समस्या तो किसी-किसी मार्ग पर जलजमाव हो गया। हालांकि, बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत दिलाई। बारिश होने से किसानों में खुशी छा गई। झमाझम बारिश से निचले इलाकों में जलजमाव से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार शाम करीब चार बजे मौसम ने करवट ली और अचानक से बारिश शुरू हो गई। काफी देर तक हुई बारिश के कारण मौसम में पूरी तरह से बदलाव हो गया। सुबह से जो धूप व गर्मी को हुई बारिश ने काफी हद तक नमी में तब्दील कर दिया। इधर बारिश शुरू होते ही बिजली विभाग ने शहर के कई मुहल्ले में बिजली काट दी, जिसके कारण घंटों तक शहर अंधेरे में डूबा रहा और लोग परेशान हुए। रविवार का अधिकतम तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दोपहर तक तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई लेकिन जैसे ही दोपहर बाद बारिश हुई तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश के बाद पूरे मौसम में गर्मी का अनुभव काफी हद तक समाप्त हो गया। हालांकि मौसम विभाग की माने तो आगे दो तीन दिन कई जिलों में बारिश होगी। इधर बारिश के बाद शहर की सड़को की भी हालत दयनीय हो गई। शहर के कई सड़कों पर जल जमाव की समस्या से लोग काफी परेशान हुए। अचानक से दोपहर बाद हुई बारिश से काम में निकले लोग बारिश में फंस गए।



**ककार पहन कर परीक्षा देने से गुरसिख परीक्षार्थियों को रोकने की घटनाओं पर जताई चिंता**

## जत्थेदार झींडा ने अल्प संख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र


प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने अल्प संख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा से मुलाकात करते हुए।

ककार पहन कर प्रतियोगी परीक्षाओं में गुरसिख परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश न करने की घटनाओं को लेकर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने अल्प संख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा से मुलाकात की और बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। जत्थेदार झींडा ने लालपुरा को हरियाणा के हिसार जिला में गत दिवस सीईटी एवं 27 जुलाई को राजस्थान के जयपुर में राजस्थान हाईकोर्ट ज्यूडिशरी की परीक्षा का पेपर देने से एक छात्रा को ककार पहन (धार्मिक चिह्न) कर रोक दिया गया। हिसार में तो उन्होंने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह बात करके समस्या का समाधान करते हुए गुरसिख परीक्षार्थी का प्रवेश परीक्षा केंद्र में करवा दिया, मगर राजस्थान में गुरसिख छात्रा को परीक्षा देने से रोक दिया गया है। जत्थेदार झींडा ने चेयरमैन लालपुरा से इस बारे में केंद्र सरकार से बातचीत कर उचित दिशा-निर्देश जारी करवाने की अपील भी की। इसके साथ ही जत्थेदार झींडा ने सरकार से मांग की कि गुरसिख छात्रा को राजस्थान हाईकोर्ट ज्यूडिशरी के पेपर दिलाने का स्पैशल मौका देना चाहिए अन्यथा छात्रा की मेहनत व्यर्थ जाएगी। जत्थेदार झींडा ने कहा कि अक्सर यह शिकायत आती रही है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में गुरसिख परीक्षार्थियों को ककार पहन कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने नहीं दिया जाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में धार्मिक चिह्न पहने गुरसिख परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से रोकना हमारी धार्मिक भावनाओं को आहत करता है।

**प्रशासन की लापरवाही से 40 से अधिक बीपीएल परिवारों के राशन कार्ड कटे**

## फर्जी इनकम और प्लॉट दिखाकर सिस्टम ने गरीबों को बना दिया गया 'अमीर'

- परेशान ग्रामीण सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा


बराड़ा। फैमिली आईडी की कमियों के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

गांव नौहनी के गरीब और जरूरतमंद परिवार इन दिनों सरकारी सिस्टम की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। अचानक फैमिली आईडी में इनकम बढ़ने और प्लॉट दर्शाने के चलते गांव के लगभग 35 से 40 बीपीएल परिवारों के राशन कार्ड रद्द हो चुके हैं। इससे नाराज़ ग्रामीण पिछले कई दिनों से सीएससी केंद्र, बीडीपीओ कार्यालय और अन्य सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। इन लोगों की कहीं पर कोई भी सुनवाई नहीं हो पा रही है जिससे ग्रामीणों में सरकार के प्रति रोष है। गांव नौहनी के अमरजीत सिंह ने बताया कि उसकी फैमिली आईडी में गलती से उसके नाम पर उसके पड़ोसी भूपेंद्र सिंह के दो प्लॉट दर्ज कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं उसकी फैमली की इनकम भी सीधे 5 लाख रुपये दिखा दी गई जिसका नतीजा यह हुआ कि उसका राशन कार्ड कट गया। अब वो अधिकारियों से गुहार लगाने में दिन बिता रहा है। पीड़ित मंजू देवी ने बताया कि एक विधवा है। जब उनके बच्चों ने सीईटी फॉर्म भरने के लिए सीएचसी में दस्तावेज दिखाए तब उन्हें पता चला कि उनकी फैमिली आईडी में इनकम बढ़ा दी गई है जिससे उनका भी बीपीएल राशन कार्ड कट गया। बुजुर्ग जसमेर ने बताया कि उनके परिवार में सिर्फ वो और उसकी पत्नी हैं। दोनों बुजुर्ग और गरीब हैं लेकिन पता नहीं किसी ने उनकी फैमली आईडी में चार अगल-अलग प्लॉट दिखा दिए। ये चारों प्लॉट 468.28 वर्ग गज क्षेत्रफल है इससे उनका राशन कार्ड भी कट गया। अब दोनों बुजुर्ग लोग परेशान होकर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। गांव के ही रवि कुमार ने बताया कि उनकी फैमिली आईडी में इनकम को 1.80 लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपये कर दिया गया है जबकि असल में ऐसा कुछ नहीं है। इससे उनके परिवार को दो महीने से राशन नहीं मिल पाया है। वे इनकम कम करवाने के लिए भटक रहे हैं। गांव के ही पवन कुमार की बात की जाए तो उनकी फैमली आईडी में चार-पाचं प्लॉट दिखाकर उनका भी बीपीएल राशन कार्ड काट दिया गया है। ऐसे में ग्रामीणों में सरकार के प्रति रोष है।

**गलत डेटा बन रहा मुसीबत**

गांव नौहनी में लगभग 40 ऐसे परिवार है जिनकी फैमली आई डी में गलत इनकम व गलत जानकारी के चलते उनके बीपीएल राशन कार्ड काट दिए गए। गांव के पवन कुमार, राजेश कुमार, सोहन लाल, हुकम चंद व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि फैमिली आईडी प्रणाली जिसे सरकार ने पारदर्शिता और लाभार्थी पहचान के लिए शुरू किया था। अब आम जनता के लिए सिरदर्द बन चुकी है। कभी किसी के नाम फर्जी प्लॉट जुड़ जाते हैं तो कभी आय अपने आप बढ़ जाती है। यह सिस्टम आम गरीब को 'कागज़ों में अमीर' बना देता है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और होती है। ग्रामीणों ने सीएम नायब सैनी से मांग की है कि फैमिली आईडी से जुड़ी इन गड़बड़ियों की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और जिनका राशन गलत तरीके से काटा गया है, उन्हें तुरंत राहत दी जाए। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं कि वे फैमिली आईडी अपडेट की प्रक्रिया को सरल और जवाबदेह बनाएं।

**घरौंडा के कोहंड हाईवे पर हुआ हादसा**

## ड्यूटी से लौटते समय हादसे में सिक्योरिटी गार्ड की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घरौंडा




करनाल जिले के गांव मंचूरी निवासी एक सिक्योरिटी गार्ड की शनिवार रात सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय रामकुमार के रूप में हुई है, जो पिछले तीन महीने से कोहंड में किराये पर रह रहा था और लक्ष्मी रसोई ढाबे पर सिक्योरिटी गार्ड के रूप में तैनात था। रामकुमार का परिवार मूल रूप से मंचूरी गांव का रहने वाला है, लेकिन वह अपने बहनोई सुभाष के साथ कोहंड शनि मंदिर के पास एक किराए के मकान में रह रहा था।

वह ड्यूटी पूरी करके ढाबे से निकल कर कमरे की ओर लौट रहा था। जैसे ही वह करनाल-पानीपत नेशनल हाईवे को पार करके सर्विस रोड की ओर बढ़ा, उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे तेज रफ्तार से टक्कर मार दी। हादसे में रामकुमार डिवाइडर के बीच गिर गया। उसके सिर और कान से खून बहने लगा और एक टांग भी टूट गई।

ट्रैफिक की आवाजाही के बीच किसी राहगीर ने उसे न तो देखा और न ही कोई मदद पहुंचाई। गंभीर रूप से घायल रामकुमार ने डिवाइडर पर तड़पते हुए दम तोड़ दिया। पूरी रात वह वहीं खून से लथपथ पड़ा रहा,

**जीजा के साथ एक ही कमरे में रहते थे**

रामकुमार के जीजा सुभाष ने बताया कि दोनों सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं और कोहंड में एक ही कमरे में रहते हैं। उन्होंने बताया कि रात को रामकुमार ड्यूटी से निकला था, लेकिन अपने कमरे तक नहीं पहुंचा। सुबह पुलिस से उसकी मौत की खबर मिली, तब हम मौके पर पहुंचे। रामकुमार की हालत बेहद खराब थी और शरीर खून से लथपथ था।

**की जा रही जांच**

शव पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयानों के आधार पर आरोपी चालक की पहचान करने में जुटी है।
-देवेंद्र, जांच अधिकारी

## 'मैं मर्जी से मर रहा हूं न मेरा अंतिम संस्कार हो न ही पोस्टमार्टम'

**सुसाइड नोट लिखकर बुजुर्ग ने फंदा लगाकर दी जान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

मैं राजकुमार अपनी मर्जी से मर रहा हूं। किसी को परेशान न करें और मेरा न तो अंतिम संस्कार हो और न ही मेरा पोस्टमार्टम करवाया जाए, सुसाइड नोट में यह बातें लिखकर एक 70 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने साले के मकान में फंदा लगा लिया। मृतक की पहचान प्रेम नगर के चार मोहल्ला के राजकुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और शव को उतार कर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मृत राजकुमार के साले चंद्रमोहन ने बताया कि उनके जीजा शुरू से ही शराब का नशा करते थे। इसी कारण कभी कोई नौकरी या काम नहीं किया। शुक्रवार को भी सही हालत में थे। जब चंद्रमोहन अपने काम पर गए तो उनके बेटे ने घर पहुंच कर पाया कि राजकुमार ने घर के ऊपरी कमरे में फंदा लगा लिया है। जांच अधिकारी ने बताया जांच की जा रही है।

### पत्नी के प्रेमी की पीट पीटकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** पत्नी के प्रेमी की पीट पीटकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले की जांच कर रहे सदर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी पति रोहतक जिले के गांव बाहु अकबरपुर निवासी बिजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।



आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी के अन्य साथियों के बारे में पता लगाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के जिला गाजीपुर के गांव शेरपुर निवासी अंशु ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी शादी वर्ष 2018 में बिजेंद्र के साथ हुई थी।

**मंत्री पंवार ने कुराना में किए पांच करोड़ के विकास कार्यों के उद्घाटन**

## तरक्की की राह पर तेजी से बढ़ रहा है प्रदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को गांव कुराना में लगभग 5 करोड रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पंवार ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों को धरातल पर ले जाकर करने की जो पहल की है उसे इन कार्यों का फायदा आम आदमी को मिला है। इन कार्यों में बस स्टैंड कुराना से लेकर ड्रेन तक इंटरलॉक सड़क, बाबा वाले जोहड़ और पंचायत घर के पीछे बैंकट हॉल, बस स्टैंड के पास बीसी चौपाल और खेतों के 9 रास्ते जिनका पक्का किया जाना है उनका शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। वहीं, मंत्री पंवार ने कहा कि सरकार ने अंत्योदय के तहत लाइन में खड़े अंतिम से अंतिम व्यक्ति तक हर योजना का लाभ पहुंचाया है।


पानीपत। गांव कुराना में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार।



### यूरिया खाद की किल्लत से किसानों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

**इंद्री।** यूरिया खाद की किल्लत के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। किसानों को जरूरत के हिसाब से यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है। रविवार सुबह अनाज मंडी के सामने इफको सेवा केंद्र पर किसानों को जैसे ही यूरिया खाद आने का पता चला तो काफी संख्या मे किसान यूरिया खाद लेने के लिए पहुंच गए। लेकिन किसानों को यूरिया खाद के केवल पांच- पांच कट्टे ही मिल पाए। खाद लेने पहुंचे किसानों ने यूरिया खाद की आपूर्ति सुचारू रूप से देने की मांग करते हुए कहा कि वे पिछले कई दिनो से खाद लेने के लिए चक्कर लगा रहे है। लेकिन उन्हें 15 कट्टो की जगह केवल पांच- पांच कट्टे ही यूरिया खाद के मिल रहे हैं जिससे उनके सामने यूरिया खाद की समस्या खड़ी हो गई है। किसानों ने कहा कि इस समय धान की फसल मे यूरिया खाद की बहुत जरूरत है यदि धान की फसल मे पूरी मात्रा मे यूरिया खाद नहीं डाला गया तो फसल की पैदावार कम होगी जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। किसानों ने शीघ्र पूरी मात्रा मे खाद उपलब्ध करवाने की मांग की। इस मामले में खंड कृषि अधिकारी डॉ अश्विनी कांबोज ने बताया कि रविवार को इंद्री क्षेत्र में यूरिया खाद के करीब 12 हजार बैग आए है जो इंद्री खंड की लगभग सभी सोसायटियों मे खाद बट गया है।

**त्योहार** — केयू के धरोहर हरियाणा संग्रहालय में हरियाली तीज उत्सव धूमधाम से मनाया

## तीज समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक: प्रो. सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

तीज भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है जो कि भारतीय त्यौहारों की संस्कृति एवं परम्पराओं को प्रदर्शित करता है। प्रत्येक वर्ष हिन्दू पंचांग के अनुसार हरियाली तीज का पर्व श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने इस पर्व का आध्यात्मिक, प्रकृति तथा महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से विशेष महत्व है। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने रविवार को केयू धरोहर हरियाणा संग्रहालय द्वारा आयोजित हरियाली तीज उत्सव-2025 कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने तीज त्यौहार की विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा सावन के महीने में जब संपूर्ण धरा पर हरियाली की चादर बिछी रहती है तब सभी प्रकृति के इस मनोरम क्षण का आनंद लेने के लिए झूले झूलते हैं तथा लोक गीत व तीज के गीत गाकर उत्सव विशेष रूप से मनाते हैं। हरियाली तीज के दिन महिलाएं अपने पति की लम्बी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य तथा सफलता के लिए कामना करती हैं। तीज उत्सव पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल सहित सभी लोगों ने धरोहर परिसर में झूला झूलकर तीज त्यौहार मनाया व मिठाई वितरित की गई। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने सभी को बधाई देते हुए मंगल कामना की। इस मौके पर कुवि कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल व उनकी धर्मपत्नी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर.चौधरी, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. आनन्द कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. पूजा, धरोहर क्यूरेटर डॉ. कुलदीप आर्य, सहित अन्य लोग मौजूद थे।


कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने हरियाली तीज उत्सव में झूला झूलते हुए।

## खबर संक्षेप

### जजपा का युवा जोड़ो कार्यक्रम 30 जुलाई को

**रादौर।** जननायक जनता पार्टी द्वारा गांव ठसका में 30 जुलाई को युवा जोड़ो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जजपा युवा के प्रांतीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला मुख्यातिथि के रुप में भाग लेंगे। जजपा के युवा ब्लॉक अध्यक्ष साहिल नरवाल ने बताया कि युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला 30 जुलाई को शाम 5 बजे युवा जोड़ो अभियान के तहत ठसका खादर में पहुंच रहे हैं। जिसमें वह ग्रामीण युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर दिग्विजय सिंह चौटाला के विचारो को सुनने की अपील की।

### रक्तदान शिविर में एकत्रित हुआ 147 यूनिट रक्त

**रादौर।** भाविप शाखा रादौर के तत्वावधान में कस्बा के सफल पैलेस में रविवार को 12वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में थाना रादौर प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं शाखा के सभी सदस्यों ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व वंदेमातरम के साथ किया। परिषद के प्रांतीय संयोजक सेवा डॉ. सतीश कांबोज एवं शाखा के सेवा संयोजक डॉ. बिमल गर्ग ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि एवं थाना रादौर प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा ने रक्तदाताओं को लेपेल पिन लगाकर शिविर का शुभारंभ किया।

## जिले के ग्रामीण व शहरी इलाकों समेत की शिक्षण संस्थानों में मनाया तीज का पर्व

# झूला झूलकर जिले में धूमधाम से मनाई हरियाली तीज

### महिलाओं ने झूला झूलकर गाय सावन के गीत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

हरियाली तीज पर्व के अवसर पर जिले में ग्रामीण व शहरी इलाकों समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों झूला झूलकर सावन के गीत गाकर पर्व मनाया। वहीं, कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं ने सावन के गीतों पर नृत्य किया गया तो कहीं पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। मौके पर एक दूसरे को तीज पर्व की बधाई दी।

### पार्क में महिलाओं ने गाय सावन के गीत

शहर के मॉडल टाऊन पार्क व सरोजनी कालोनी में महिलाओं ने तीज समारोह का आयोजन किया। जिसमें नवविवाहिताओं को झूलों पर झुलाया गया। इसी तरह हुड्डा सेक्टर-17 स्थित पार्क में तीज पर्व समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर महिलाओं ने झूलों पर झुले लेकर खूब आनंद लिया और सावन रास रंग के गीत गाए।

### देव मातृशक्ति समूह ने मनाया तीज पर्व

देव मातृशक्ति समूह द्वारा शहर के पैलेस में तीज पर्व धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में शहर की सैंकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन नवनीत और नीलम गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सावन के पारंपरिक गीतों पर झूला झूलकर आनंद उठाया। इस अवसर पर महिलाओं ने झूला झूलते हुए सावन के गीत गाय। इस अवसर पर कई महिलाओं ने सावन के गीतों पर नृत्य भी किया। मौके पर सुरभी, निशा, दीपा, शालिनी, बाला देवी, कुमारी शीला, रीटा व सुनीता आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांध दिया।

### फूलों से सजे झूलों की सजाई पींग

हरियाली तीज पर्व पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीज पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पारंपरिक गीतों का गायन किया गया और सावन के गीतों पर झूलों पर झूलकर पर्व मनाया। विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी को तीज की बधाई दी।



यमुनानगर। तीज पर्व पर झूला झूलते हुए बच्चे और हाथों पर मेहंदी सजाते हुए महिलाएं।

#### ग्रामीण इलाकों में भी मना तीज पर्व

शनिवार को तीज पर्व के मौके पर साढ़ौरा, बिलासपुर, मुस्तफाबाद, खिजराबाद, छछरौली, रादौर व जठलाना समेत तमाम गांवो में तीज पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने झूला झूलकर सावन के गीत गाए और नवनवेली दुल्हनों के हाथों में मेहंदी रचाई।

**महाराणा प्रताप स्कूल नाचरौन मे मनाया तीज पर्व**

महाराणा प्रताप वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नाचरौन में तीज पर्व के मौके पर पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर बच्चों में घेवर व फिरनी की मिठाई बांटकर एक दूसरे को तीज पर्व की शुभकामनाएं दी गई। स्कूल प्रबंधक साहब सिंह राणा ने बच्चों को तीज पर्व की मेहता से अवगत करवाया।

**गीतों पर बच्चों ने नृत्य कर मनाया तीज पर्व**

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में जूनियर विंग की कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी शर्मा ने बच्चों के साथ न केवल पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया। बल्कि झूले पर झूलते हुए भी उनके साथ तीज का उत्सव मनाया। बच्चों ने भी पूरे जोश और उत्साह के साथ गीतों पर झूमते हुए पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। उधर, कक्षा छठी व सातवीं के छात्र छात्राओं के लिए मेहंदी , राखी मेकिंग प्रतियोगिता एवं बैंगल डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं ने अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए सुंदर मेहंदी डिजाइनों के साथ साथ आकर्षक राखियां और रंग बिरंगी चूड़ियां तैयार की।

## बागां में न झूले पड़े और ना ही सुनाई दे रही है सावन के गीतों की गूंज

- पार्कों व घरों में लगे आर्टिफिशल झूलों पर पींगे लेकर तीज पर्व की महिलाओं ने निभाई रीत
- ग्रामीण इलाकों में घरों में झूले डालकर महिलाओं ने गाय सावन के गीत

**भगवान सिंह राणार ▶▶| यमुनानगर**

बाग रहे ना रहे बागवान, ना ऊंचे पेड़ फिर तीज की पींग सजे भी तो कहां। आर्टिफिशियल होते लाईफस्टाईल में सब पारंपरिक परंपराओं रंग बदरंग हो चले हैं। फिर भला इससे तीज पर्व कैसे बचा रह सकता है। श्रृगांर रस से परिपूर्ण झूलों के पर्व तीज की परंपरा महिलाओं ने रविवार को पर्व के मौके पर आर्टिफिशियल झूलों पर पींगे लेकर निभाई। वहीं, ग्रामीण इलाकों में महिलाओं ने अपने घरों की छतों में लगे कूंडो में झूले डालकर सावन के श्रृगांर रस से भरे गीत गाकर तीज पर्व मनाया।

**पारंपरिक पर्वों के भूलने लगे मायने:** हाईटेक होती जिंदगी में आज लोग पारंपरिक पर्वों के मनाए जाने के तरीकों को भूलने लगे हैं। करीब चार दशक पहले तक सावन माह के शुरू होते ही बागां में झूले पड़ जाते थे। इस दौरान महिलाएं बागां में पड़ गए झूले, चल झूलन चालां ए सखी आदि गीत की पंक्तियां गुनगुनाती हुई अपनी सहेलियों के साथ बागों में पहुंचती थी।



यमुनानगर। आर्टिफिशियल झूलों पर तीज की पींगे लेती महिलाएं।

**नवेली दुल्हनें तीज पर्व पर निभाती थी रस्में**

महिलाओं के श्रृगांर रस के तीज पर्व पर महिलाएं अपनी नव नवेली दुल्हनों को बांगा में पड़ झूलों पर पींगे दिलवाती थी। इस रस्म को पूरा करवाने के लिए आस पड़ौसी की महिलाएं एकत्र होकर नव नवेली दुल्हन को अपने साथ बाग में पड़े झूलों पर झूलने के लिए ले जाती थी और उनसे झूलने की रस्म निभवाई जाती थी।

#### झूलों पर नव नवेली दुल्हन को पींग दिलवाना था परंपरा

आजाद नगर की 75 वर्षीय सुमित्रा का कहना है कि उनके जमाने में पहली तीज पर नई दुल्हन को गांव की आस-पड़ौस की महिलाएं लेकर नजदीक किसी बाग में ले जाती थी और उसे झूले की पींगे दिलवाती थी। साथ में वह आप सभ भी पींगे लेकर झूले का आनंद उठाती थी। इस दौरान पूरे गांव के नजदीक स्थित बागां में झूले ही झूले दिखाई देते थे। खास बात यह है कि तीज पर्व के दिन महिलाएं अपने घरों से निकलकर दिन भर बागां में झूला झूलती थी। लेकिन अब समय बीत गया है। अब न तो बाग दिखाई देते हैं और ना ही सावन माह में झूलों पर गुंजती महिलाओं की मधुर कोकिला आवाज। वहीं, पुराना हमीदा की रामकली का कहना है कि तीज पर्व पर महिलाएं पूरा श्रृंगार करके सज-धजकर अपने पिया के वियोग के गीत गाती थी। जिससे न केवल वातावरण नवयौवन के हिलौरे लेने लगता था। बल्कि महिलाओं और पुरूषों में एक नई उमंग पैदा हो जाती थी।

**व्यस्त दिनचर्या ने बनाई यह दशा**

महिला कल्याण जागरुक मंच की संयोजक पूनम वत्स का कहना है कि वर्तमान में आम आदमी की जिंदगी इतनी व्यस्त हो गई है कि उसके पास पर्व मनाने का समय नहीं है। वह सारा दिन अपनी आजीविका के चक्कर में लगा रहता है। दूसरा कारण है कि आधुनिकता के रंग में रंगी नई पीढ़ी पारंपरिक पर्वों की मैहता के बारे में अनभिज्ञ रहने लगी है। जिससे आज हमारे त्यौहारों की वास्तविकता सिमटने लगी है।

## सभी भुगतेंगे प्रकृति के साथ किए खिलवाड़ को

- साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने साध संगत को प्रकृति संरक्षण करने के लिए किया जागरूक
- कार्यक्रम में साध संगत को पौधे भी किए गए वितरित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को प्रकृति संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर संस्थान द्वारा साध संगत को पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने साध संगत को प्रकृति संरक्षण करने के लिए आह्वान किया। साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने फरमाया कि आज मनुष्य ने अपने स्वार्थ हेतु प्रकृति के साथ जो



खिलवाड़ किया है। उसी का परिणाम आज संपूर्ण मानव जाति भुगत रही है। उन्होंने कहा कि आज कहीं पर अधिक गर्मी के कारण सूखा है तो कहीं पर अधिक वर्षा के कारण बाढ़ आर रही है। इसी तरह कहीं पर दुर्घटनाएं हो रही हैं और कहीं पर वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। साध्वी ने कहा कि हमने प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह पूर्ण रूप से नहीं किया है। परमात्मा ने मनुष्य को सृष्टि का सिरमौर बनाकर पैदा किया है। लेकिन यह संपूर्ण मानव जाति का दुर्भाग्य है कि प्रकृति का संरक्षण करने की अपेक्षा हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का दोहन किया है। यदि भूमि में एक बीज डाला जाए तो वह हजारों अन्य बीजों को पैदा करके हमें देती है। वाष्प रूप में वायु में गया हुआ जल वर्षा रूप में दोबारा धरती पर आ गिरता है। इसी प्रकार मनुष्य प्रकृति को जो देता है उसे वह कई गुणा करके वापिस लौटाती है। पुरातन समय में भारतीय परंपरा के अनुसार मानव जीवन की दिनचर्या प्रकृति के अनुकूल रही है। प्रातःकाल दिन की शुरुआत भूमि, जल और सूर्य के पूजन और हवन यज्ञ से की जाती थी। यज्ञ के द्वारा जो शुद्ध घी और सामग्री वायु में मंत्रों के साथ प्रकृति को दिया जाता था। उसी से भूमि में वनस्पति उत्पादन होता था। भारत की सनातन पुरातन परम्पराएं सदा से ही मनुष्य के जीवन का संपूर्ण विकास एवं उत्थान करने हेतु ही बनी हैं।

## पीएम मोदी की नीतियों से भारत का विश्व में बढ़ा है रुतबा

- लोकल फार वोकल व्यापारी सम्मेलन का जगाधरी में हुआ आयोजन
- व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय चेयरमैन सुनील सिंघी ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**



यमुनानगर। लोकल फार वोकल व्यापारी सम्मेलन में मंचासीन मुख्यातिथि व अन्य।

लोकल फार वोकल व्यापारी सम्मेलन का आयोजन रविवार को जगाधरी के महाराजा अग्रसेन कालेज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय चेयरमैन सुनील सिंघी ने भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा,पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल, पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग व राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की कार्यकारिणी के सदस्य अजय बनारसी दास गुप्ता मौजूद रहे।

मुख्यातिथि एवं बोर्ड के राष्ट्रीय चेयरमैन सुनील सिंघी ने कहा कि हमारी संस्कृति सनातन की है। इस अमृत काल में हमें बहुत कुछ मिला है। श्री राम अपने सही स्थान पर विराजमान पीएम मोदी के प्रयासों की वजह से हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद पहली बार व्यापारी कल्याण बोर्ड की स्थापना की है। इससे व्यापारी वर्ग बहुत खुश हैं। पीएम के कारण कई कानून बदले जिससे व्यापारी वर्ग सहित बहुत से वर्गो को लाभ हुआ। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के लिए फंड को लेकर भाजपा सरकार द्वारा अच्छी व्यवस्था की गई है। वन विंडो वन लाइसेंस नीति लागू हो गई है। ट्रेडर्स को आगे बढ़ाने की नीति बन रही है। व्यापारी समस्या को लेकर वीसी के माध्यम से संबंधित अधिकारी से मिल सकते हैं। 12 लाख रुपये तक का जीरो टैक्स कर दिया गया है। एमएसएमई का बजट बढ़ा दिया गया है। रेहड़ी फड़ी वालों के लिए तीस हजार रुपये तक का क्रेडिट कार्ड मोदी सरकार द्वारा लागू कर दिया गया है। यह नये भारत की व्यवस्था है। बीस लाख नये रोजगार हुए हैं।

चेयरमैन सुनील सिंघी ने कहा कि जिला में फेसिलेशन सेंटर बनाए जाएंगे। उद्योग तरक्की कर रहा है। अपनी सोच पॉजीटिव रखिए। जीएसटी का रिकॉर्ड कलेक्शन हो रहा है। व्यापारी को संगठित होने की जरूरत है। पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोश सैलानियों की हत्या की। आत्मनिर्भर भारत देश ने पड़ोसी पाकिस्तान देश को कड़ी सजा दी। लोकल फार वोकल को लेकर देश भर में कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अर्थ सैनिक बनकर काम करना होगा।

देश की मजबूती की शपथ लें। स्वदेशी को अपनाएंगे। देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करेंगे। उन्होंने सभी को लोकल फार वोकल की शपथ दिलाई। मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि व्यापारी का सम्मान जरूरी है। व्यापार से आर्थिक मजबूती मिलेगी। इस देश में बड़ी खूबियां हैं। अर्थव्यवस्था पहले नंबर पर आने देश मजबूत होगा।

## मन की बात से लोगों के साथ पीएम करते हैं संवाद : कंवरपाल

- भाजपा द्वारा रविवार को जिला में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

भारतीय जनता पार्टी यमुनानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को जगह जगह कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल, सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने अलग अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर पीएम के मन की बात सुनी। भाजपा द्वारा जड़ौदी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा प्रधानमंत्री हर महीने के अंतिम रविवार को मन की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की वर्तमान सरकार ने इस साल के बजट में एक ऐतिहासिक पहल ज्ञान भारत मिशन की घोषणा की है। इसके तहत प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जाएगा और एक नेशनल डिजिटल रिपॉजिटरी बनाई जाएगी। जिससे दुनिया भर के छात्र और शोधकर्ता भारत की ज्ञान परंपरा से जुड़ सकें। पीएम मोदी ने बच्चों को आगे बढ़ावा देने की बात करते हुए कहा कि विद्यालयों में आपने इंस्पायर मानक अभियान का नाम सुना होगा। यह बच्चों में इनोवेशन को बढ़ावा देने का अभियान है। इस अभियान में हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं। हर बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि पीएम के मन की बात से लोगों का ज्ञानवर्धन होता है। मौके पर भाजपा जिला सचिव प्रभा सागर, मंडल अध्यक्ष कृष्ण खदरी व भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी मौजूद रहे।



यमुनानगर। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व सिटी विधायक मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए।

#### सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने सुनी मन की बात

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शहर के बूथ नंबर 161 तिलक नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुनने के लिए जिले भर में उत्साह रहने लगा है। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने यमुनानगर विधानसभा के बूथ नंबर 190 पर भाजपा नेता रोशनलाल समेत अन्य कार्यकताओं के साथ पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना। जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि जिला में हर बूथ पर कार्यकर्ताओं ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम को उल्लास और उत्साह से सुना। इसी तरह भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने जगाधरी विधानसभा के गांव छछरौली में बूथ नंबर 100 पर सुशील कुमार गर्ग,पंकज गर्ग व अनिल कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। कपिल मनीष गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया है।

## पर्यटन हब के रूप में आदिबद्री क्षेत्र को किया जाएगा विकसित : धूमन

- हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने आदिबद्री क्षेत्र का दौरा करने के दौरान दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि आदिबद्री क्षेत्र को पर्यटन हब के रुप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने उक्त दावा आदिबद्री क्षेत्र का दौरान करने के दौरान जाताया। वाइस चेयरमैन धूम सिंह किरमच ने बताया कि आदिबद्री क्षेत्र के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। अब सरस्वती धरोवर बोर्ड द्वारा हिमाचल सरकार के साथ मिलकर आदिबद्री से लेकर आदिबद्री डैम तक सड़क बनाने का कार्य शुरू कर दिया है और इसका सर्वे हो चुका है। धूमन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के द्वारा इस क्षेत्र को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। आदिबद्री में लंगर हॉल व पुल का निर्माण हो गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने मां सरस्वती को फिर से धरातल पर लाने का बीड़ा उठाया है। यह काम हरियाणा की गौरवशाली संस्कृति और भारतीय धरोहर से जुड़ा है। यह परियोजना सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पुरातात्विक विरासत को नई पीढ़ियों तक ले जाने में महत्वपूर्ण साबित होगी। सरस्वती बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती नदी की जलधारा को धरातल पर बहाने के लिए बनाई गई कार्य योजना अंतिम चरण में हैं।



यमुनानगर। आदिबद्री क्षेत्र में दौरे के दौरान जानकारी देते वाइस चेयरमैन।

### अपराधों की रोकथाम के लिए तकनीक का उपयोग सबसे ज्यादा है कारगर

**यमुनानगर।** अपराधियों पर नकेल कसने और आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग सबसे ज्यादा कारगर सिद्ध हो रहा है। उक्त बात पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए कही। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि संदिग्धों की निगरानी के लिए आमजन को भी सीसीटीवी कैमरे लगवाने चाहिएं। उन्होंनें थाना प्रभारियों को अपने अपने अधीन क्षेत्र में लगे हुए सीसीटीवी कैमरो बारे जानकारी रिकार्ड में रखे जाने के निर्देश दिए। एसपी कमलदीप गोयल ने कहा कि जब कोई अपराध घटित होता है तो सबसे पहले पुलिस अपराधियों का पता लगानें के लिए प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी फुटेज की सहायता लेती है। ताकि समयनुसार अपराधियों का पता लगाकर उन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके।

## उपायुक्त पार्थ गुप्ता व एसपी कमलदीप गोयल ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

# दूसरे दिन निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके सें संपन्न हुई सीईटी परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से रविवार को दूसरे दिन भी जिले में आयोजित हुई सामान्य पात्रता ( सीईटी) की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। परीक्षा के लिए जिले में 47 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिन पर सुबह और शाम के दो सत्रों में परीक्षा आयोजित की गई। रविवार को आयोजित परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से कराते हुए डीसी पार्थ गुप्ता व एसपी कमलदीप गोयल ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और परीक्षार्थियों के लिए किए गए प्रबंधों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




यमुनानगर। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों से बातचीत करते हुए व केंद्र अधीक्षक, कलस्टर केंद्र से परीक्षार्थियों को लेकर परीक्षा केंद्र के लिए रवाना होती हुई बस।

**परीक्षा केंद्रों पर दिन भर कड़ी रही सुरक्षा व्यवस्था:** रविवार को दूसरे दिन सुबह से ही विभिन्न जिलों से परीक्षार्थी अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर सीईटी की परीक्षा देने के लिए पहुंचे। जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर सुबह के सत्र में दस बजे से लेकर 11.45 बजे तक परीक्षा हुई। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर सुबह साढ़े सात बजे से ही परीक्षार्थियों का प्रवेश शुरु कर दिया गया था। वहीं, शाम के सत्र में परीक्षा शाम 3.15 बजे से शुरु होकर शाम 5 बजे तक हुई। दूसरे दिन भी जिले में परीक्षा के लिए 47 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा निगरानी रही। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर रविवार को दूसरे दिन भी दोनों चरणों में हजारों परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्रों के अंदर परीक्षार्थियों को अपने मोबाईल, घड़ी आदि अन्य कोई इलैक्ट्रोनिक्स डिवाईस ले जाने की अनुमति नहीं दी गई।

#### परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जांची सुरक्षा व्यवस्था

उपायुक्त पार्थ गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने दूसरे दिन सीईटी की परीक्षा के दौरान दोनों सत्रों में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सीसीटीवी कैमरे का मॉनिटर कर रहे कक्ष का निरीक्षण किया। विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में जाकर केंद्र अधीक्षकों से बातचीत कर चल रही परीक्षा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सीईटी परीक्षा देने के लिए यमुनानगर जिला में बाहर से आए परीक्षार्थियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं समयबद्ध तरीके से उनके परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रशासनिक टीम सजग एवं सतर्क रही। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से परीक्षार्थियों के लिए शनिवार व रविवार दोनों दिन हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान कराई गई है। उन्होंने जिले में सीईटी की परीक्षा के शांतिपूर्वक संपन्न होने पर सभी अधिकारियों व पुलिस प्रशासन समेत सभी को बधाई दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि यमुनानगर जिला में करनाल, पंचकूला व चण्डीगढ़ के परीक्षार्थी यमुनानगर जिला के 47 परीक्षा केंद्रों पर सीईटी परीक्षा देने पहुंचे। रविवार को प्रथम सत्र में 11,314 परीक्षार्थियों में से 10,444 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जिनमें से 843 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि प्रथम सत्र में 92.31 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद दूसरे सत्र में 11,314 परीक्षार्थियों में से 10,493 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जिनमें से 821 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, द्वितीय सत्र में 92.73 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे। उन्होंने बताया कि 26 व 27 जुलाई को दोनों जिलों में बनाए गए 47 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 42,024 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 129 लोगों ने किया रक्तदान

**लाडवा।** लाडवा के संत निरंकारी सत्संग भवन में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन संत निरंकारी मिशन फाउंडेशन द्वारा लगाया गया, जिसमें करीब 129 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ लाडवा के प्रसिद्ध समाजसेवी जोगध्यान लाडवा द्वारा रक्त दाताओं को बैज लगाकर किया गया।

### संगमेश्वर महादेव मंदिर में की श्रावण मास की पूजा



**पिहोवा।** श्रावण मास के उपलक्ष्य में संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय में भगवान शिव का लगातार पूजन जारी है। रविवार को हरियाली तीज और शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि पर भी विशेष पूजन हुआ। जिसमें दूर दराज से हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।

### वातावरण शुद्ध रखने के लिए पौधरोपण जरूरी



**लाडवा।** यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन लाडवा द्वारा रविवार को लाडवा में एक पौधा रोपण अभियान शुरू किया गया। अभियान चलाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के साथ-साथ पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना तथा नशा जैसे बुराई से दूर रहना के लिए जागरूक करना है। पौधा रोपण अभियान की शुरूआत एसोसिएशन के चेयरमैन जोगध्यान लाडवा द्वारा गांव बपदी से गांव में पौधे लगाकर की गई।

### कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई परीक्षा

# सीईटी : दूसरे दिन 18,563 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच दूसरे दिन की भी परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। सीईटी की परीक्षा में 37,415 परीक्षार्थी शामिल हुए। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों में सीईटी की परीक्षा करवाने को लेकर ईमानदारी, निष्ठा और लग्न के साथ काम किया। सीईटी की परीक्षा में दूसरे दिन दोनों सत्रों में 20,572 में से 18,563 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे। जिले में पहले सत्र में 10,356 परीक्षार्थियों में से 9309 परीक्षार्थियों ने पेपर दिया। दूसरे सत्र में 10,216 परीक्षार्थियों में से 9254 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने कहा कि जिला में 30 स्थानों पर 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 455 कमरों में 10,451 परीक्षार्थियों की व्यवस्था की गई। पहले दिन दोनों सत्रों में 20862 में से 18852 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे। पहले सत्र में 9372 और दूसरे सत्र में 9480 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में दोनों दिनों में परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों और उनके परिजनों ने प्रदेश सरकार की व्यवस्थाओं को देखते हुए संतुष्टिद्द जाहिर की। व्यवस्थाओं के चलते परिजनों ने प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन और शहर की संस्थाओं के सहयोग की भी खूब सराहना की है। सरकार के आदेशा अनुसार जिला प्रशासन ने हर बिंदू को ध्यान में रखते हुए प्रबंध किए। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने कुछ शटल बसों को सभी केंद्रों पर राउंड लगाते हुए गलत सेंटर पर उतरे परीक्षार्थियों को सही केंद्रों पर छोड़ने के लिए लगाया गया। उन्होंने परीक्षा में सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जिला के सभी 41 परीक्षा केंद्रों को 4 कलस्टों में बांटा गया है। प्रत्येक कलस्टर में समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया और पुलिस की तरफ से डीएसपी को नियुक्त किया हुआ है। सभी परीक्षा केंद्रों पर एक-एक डयूटी मेजिस्ट्रेट कम फलाइंग स्कवॉड अधिकारी एवं पेपर डिस्ट्रीब्यूटर, एक सहायक और एक परीक्षा केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया हुआ है। इसी तरह कर्मियों के साथ पुलिस प्रभारी की टीम नियुक्त की गई है। साथ ही परीक्षा करवाने के लिए कमरों के हिसाब से पेपर डयूटी में स्टाफ नियुक्त किया गया है।



कुरुक्षेत्र। नई अनाज मंडी थानेसर में मौजूद परीक्षार्थी।



कुरुक्षेत्र। परीक्षार्थी को भोजन परोसते पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा।



कुरुक्षेत्र। परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी।

### परीक्षार्थियों की मेहमानों की तरह की सेवा

*सीएम का कहना, संस्थाओं ने माना और हर परीक्षार्थी को खिलाया भर पेट खाना। जी हां कुरुक्षेत्र में हर परीक्षार्थी को पीने का ठंडा पानी, खाने के लिए भोजन की व्यवस्था हर सेंटर के बाहर करवाई गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के आग्रह पर शहर की तमाम समाजसेवी और धार्मिक संस्थाएं समाजसेवा के इस कार्य के लिए आगे आई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार सोनीपत जिले से आए हजारों परीक्षार्थियों को मेहमानों की तरह सेवा करने के लिए पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने लगातार 2 दिन कमान संभाल कर रखी। इतना ही नहीं पूर्व राज्यमंत्री ने स्वयं लंगर की सेवा की और परीक्षार्थियों से सरकार और प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों के बारे में फीडबैक रिपोर्ट भी ली। इस सीएम सिटी में सरकार और प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की हर परीक्षार्थी ने जमकर प्रशंसा की है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा में लगभग 13 लाख परीक्षार्थी सीईटी की परीक्षा दे रहे है। इन परीक्षार्थियों के लिए पहली बार बड़े स्तर पर यातायात के साथ-साथ हर तरह के प्रबंध किए गए है और किसी भी परीक्षार्थी को रत्ती भी परेशानी नहीं आने दी गई। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सीएम सिटी में मुख्यमंत्री के आह्वान पर शहर की तमाम संस्थाएं परीक्षार्थियों को पीने का पानी और भोजन उपलब्ध करवाने के लिए आगे आई और हर सेंटर के बाहर भंडारा लगाकर भोजन उपलब्ध करवाया गया। इस समाज सेवा के लिए संस्थाओं की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। इतना ही नहीं स्कूलों की तरफ से भी भंडारा लगाया गया।*

## 123 पुलिस जवानों ने संभाली सुरक्षा की कमांड

**कुरुक्षेत्र।** धर्मक्षेत्र में दो दिनों से चल रही सीईटी की परीक्षा के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रही। शहर में अलग-अलग कोने में बने 41 परीक्षा केंद्रों पर पेपर देने के लिए करीब 20 हजार परीक्षार्थी अपने परिजनों के साथ आवाजाही कर रहे थे। दिनों दिन के चारों सत्रों में शहर के किसी भी मार्ग पर जाम दिखाई नहीं दिया। इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा और ट्रैफिक पुलिस के 123 जवानों ने जगह-जगह अपना मोर्चा संभाले रखा। ट्रैफिक पुलिस ने परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय केवल हैवी व्हीकल की शहर में एंट्री को बैन किया करके इस व्यवस्था में शत प्रतिशत सफलता हासिल की। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिले में बने 41 परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों को पहुंचने के लिए 103 शैटल बसों की व्यवस्था से दोनों दिन सफलता पूर्वक परीक्षा संपन्न करवाई गई। इन परीक्षा केंद्रों पर दूसरे दिन भी दोनों सत्रों में करीब 20 हजार परीक्षार्थियों का पेपर लिए जाने की व्यवस्था की गई। शैटल बसों के माध्यम से सभी परीक्षाओं को सफलता पूर्वक परीक्षा केंद्रों और वापिस पार्किंग स्थल तक पहुंचाया गया। एसएचओ ट्रैफिक रामकरण ने कहा कि पुलिस ने शहर में 123 जवानों को डयूटी पर नियुक्त किया गया। सभी जवानों ने सेवा, सुरक्षा और सहयोग की भावना से काम करते हुए अपनी कर्तव्य को पूरा किया। शहर में किसी भी स्थान पर नाका नहीं लगाया गया। केवल मात्र परीक्षा प्रवेश के समय पर शहर में हैवी वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई गई। प्रवेश समय के बाद वाहनों को अपने गंतव्य पर जाने दिया गया। इसी तरह दूसरे सत्र की परीक्षा के प्रवेश के दौरान भी केवल मात्र हैवी वाहन शहर से बाहर रोके गए। उन्होंने कहा कि चीता राइडर और पुलिस की टीमों ने लगातार सड़कों पर गस्त रखी। शहर में प्रशासन की शटल बसों से परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचाने के लिए अलग-अलग रुट बनाए गए थे।



### नामदेव मंदिर में की विश्राम की व्यवस्था

**कुरुक्षेत्र।** पुरानी सब्जी मंडी के पीछे संत शिरोमणि नामदेव मंदिर संस्था ने सीईटी परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों के विश्राम के लिए मंदिर परिसर में व्यवस्था की। सरकार द्वारा चलाई गई मुहिम में अपनी सहभागिता दिखाते हुए संत शिरोमणि नामदेव मंदिर की कार्यकारिणी ने परीक्षार्थियों की हर संभव मदद की। संस्था के प्रधान रामनाथ ने बताया कि दूर-दराज से आए परीक्षार्थियों को उमस भरी गर्मी में इधर-उधर भटकना न पड़े इसके लिए संस्था ने परीक्षार्थियों के विश्राम करने के लिए मंदिर परिसर को खोल दिया है। कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। हर संस्था को ऐसे कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर मैनेजर अशोक चहल, मोहित नामदेव, टोनी रोहिल्ला, महासचिव विनोद नामदेव, तरुण नामदेव, आर्यन मिश्रा मौजूद रहे।



## 10 स्थानों से 23,314 परीक्षार्थी पहुंचे चंडीगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सीईटी परीक्षा के लिए कुरुक्षेत्र जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों को सफलतापूर्वक पेपर दिलवाया। जिला में 10 जगहों से 592 बसों से 23,314 परीक्षार्थियों को चंडीगढ़ ले गए और वापस उन्हें 10 स्थानों पर छोड़ा गया। परीक्षार्थियों के लिए प्रशासन ने 25 जुलाई की शाम से ही बसों को परीक्षार्थियों के लिए शुरू कर दिया था। प्रशासन की तरफ से विशेष रूप से हरियाणा रोडवेज विभाग व आरटीए विभाग ने मिलकर इस व्यवस्था को तय किया था। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि सरकार के आदेश पर जिला प्रशासन ने सीईटी परीक्षा को लेकर हर प्रकार की तैयार को समयबद्ध तरीके से करते हुए परीक्षा को सफलतापूर्वक करवाया है। परीक्षार्थियों को पेपर दिलवाने के लिए चंडीगढ़ भेजने के भी पुख्ता प्रबंध किए गए थे। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों के लिए बसों की एडवांस बुकिंग करवाई गई। साथ ही 10 अलग-अलग स्थानों को निर्धारित किया, ताकि परीक्षार्थियों को अपने घर के नजदीक बस सुविधा मुहैया हो सके। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने परीक्षाओं के लिए कुरुक्षेत्र, लाडवा, शाहाबाद, बाबैन, मथाना, पिपली, थानेसर, पिहोवा, इस्माइलाबाद और झांसा स्थान निर्धारित किया गया था। सभी 10 जगहों पर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया। परीक्षा 25 जुलाई को ही चंडीगढ़ जाना शुरू हो गए थे।



### लाडवा से 58 बसे हुई रवाना

**लाडवा।** सी.ई.टी. की परीक्षा देने वाले बच्चों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए हरियाणा सरकार ने ठोस कदम उठाए गए थे। सरकार के इस कार्य की हर कोई सराहना कर रहा है। रविवार को लाडवा बस अड्डा पर भी बसों की पूरी व्यवस्था बच्चों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा की गई थी, ताकि बच्चों को पेपर देने जाने के लिए चंडीगढ़ में कोई भी दिक्कत न हो। उसी कड़ी में लाडवा बस अड्डे से भी रविवार को 58 बसे बच्चों को चंडीगढ़ लेकर रवाना हुई। लाडवा बस अड्डे के इंचार्ज नरेश कुमार ने बताया कि शनिवार को सुबह सवा तीन बजे से बसे शुरू कर दी गई थी। गत दिवस 30 बसे भेजी गई थी, जिनमें लगभग 1800 विद्यार्थी पेपर देने के लिए चंडीगढ़ भेजे गए। रविवार को सुबह 12 और सायं के पेपर के लिए 16 बसे लाडवा बस अड्डे से चंडीगढ़ के लिए रवाना की गई थी। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र रोडवेज के जी.एम. शेर सिंह की ओर से लाडवा बस अड्डे में भी विद्यार्थियों के लिए उचित व्यवस्था की गई थी।



## रोटरी क्लब पिहोवा के प्रधान बने डॉ. अमित अरोड़ा व गौरव बंसल सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

- मुख्य अतिथि एमडी प्रदीप सैनी ने सामाजिक और धार्मिक कार्यों में रोटरी की भूमिका को सराहा

रोटरी क्लब पिहोवा की इंस्टॉलेशन सेरेमनी 2025-26 का समारोह एक निजी पैलेस में आयोजित की गया, जिसमें डॉ. अमित अरोड़ा को क्लब का नया प्रधान नियुक्त किया गया। साथ ही गौरव बंसल को सचिव पद की और कोषाध्यक्ष मोहित चावला जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर समाजसेवी और सैनसंस पेपर मिल के एमडी प्रदीप सैनी मुख्य अतिथि के रूप में व डीजी रवि प्रकाश एजी श्याम सुंदर आहूजा, नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, डॉ, सुदर्शन चुघ उपस्थित रहे। समारोह में क्लब के सदस्यों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में क्लब की पिछली उपलब्धियों को साझा किया गया और आगामी वर्ष के लिए सेवा कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। नए नेतृत्व से क्लब के कार्यों में और अधिक ऊर्जा, नवाचार व जनहित की दिशा में मजबूती की उम्मीद जताई गई। प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा ने कहा रोटरी क्लब केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना है।



पिहोवा। इंस्टॉलेशन सेरेमनी में नए प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा, सचिव गौरव बंसल व मुख्य अतिथि एचडी प्रदीप सैनी को सम्मानित करते हुए क्लब सदस्य।



### भाजपाइयों ने सुनीं पीएम के मन की बात

**शाहबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम भाजपा कार्यकत्राओं द्वारा सभी बूथों पर सुना गया। भाजपा नेता मास्टर सुभाष कलसाना ने शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गाँव कलसाना के बूथ नंबर 59 पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को संयुक्त रूप से श्रवण किया। कार्यक्रम पश्चात मास्टर सुभाष कलसाना कई बूथों पर पहुंचे पार्टी कार्यकत्राओं से इस कार्यक्रम को लेकर संवाद किया और सकंल्प लिया कि केन्द्र व हरियाणा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## अमृतधारी सिख युवक का कड़ा पहन कर परीक्षा में प्रवेश रोकने पर एचएसजीएमसी ने लिया कड़ा संज्ञान

- दोषी अधिकारियों की डीजीपी हरियाणा, हिसार के डीसी व एसपी को भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अमृतधारी सिख युवक का कड़ा पहनकर सीईटी परीक्षा में प्रवेश रोकने के मामले में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने कड़ा संज्ञान लिया है। हरियाणा सिख मैनेजमेंट कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह रामसर ने मामले में दोषी अधिकारियों की शिकायत डीजीपी हरियाणा, उपायुक्त हिसार और पुलिस अधीक्षक हिसार को करने के साथ साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को भी पूरे घटनाक्रम से अवगत कराने का निर्णय लिया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह रामसर ने बताया कि 26 जुलाई को हिसार के सेक्टर 16-17 में अमृतधारी परीक्षार्थी मिलनवीर सिंह सीईटी पेपर देने के लिए सुबह 7 बजे सेंटर पहुंच गया, मगर वहां मौजूद अधिकारियों ने उसे कहा कि तुम कड़ा पहन कर पेपर नहीं दे सकते। हालांकि मिलनवीर सिंह ने उन्हें अमृतधारी होने का सर्टिफिकेट भी दिखाया, फिर भी उन्होंने कोई परवाह नही की। मामले की सूचना मिलने पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के निवर्तमान सदस्य सुखसागर सिंह अपने साथियों सहित घटनास्थल पर पहुंचे। जब सिख नेताओं ने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के हवाले से उन्हें बताया कि अमृतधारी सिखो को ककार पहन कर पेपर में बैठने की इजाजत है और सिख नेताओं ने घटनास्थल पर धरना देने का ऐलान कर दिया।



कुरुक्षेत्र। हरियाणा सिख मैनेजमेंट कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह रामसर जानकारी देते हुए।

### कानूनी कार्रवाई के लिए आवाज की जाएगी

*वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने सवाल किया कि जब वहां पर कोई प्रोटोकोल ऑफिसर ही नहीं था, तो उन्होंने उस अमृतधारी युवक को रोका ही क्यों। गुरमीत सिंह रामसर ने कहा कि एक घंटा तनावपूर्ण स्थिति में रहने से सिख युवक को काफी मानसिक परेशानी हुई और ऐसे हालात हर बार प्रदेश में कहीं न कहीं बन जाते हैं। इसलिए उन्होंने निर्णय लिया है कि इस बार मामले में दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।*



### खानेवाल खालसा स्कूल में नवनिर्मित पुस्तकालय का रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने किया उद्घाटन

**शाहबाद।** रोटरी क्लब द्वारा खानेवाल खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लाइब्रेरी स्थापित करने में सहयोग दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश व उनकी धर्मपत्नी शालिनी प्रकाश और जिला सेक्रेटरी दीपक पांडे ने इनका विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लाइब्रेरी स्थापित करके सराहनीय कार्य किया है। पुस्तक एक अच्छा मित्र है। आज के इंटरनेट के दौर में भी पुस्तकों का कोई स्थान नहीं ले सकता उन्होंने कहा कि बचपन में उन्हें पुस्तक पढ़ने का शौक लाइब्रेरी में ही पैदा हुआ और जो बाद में पुस्तक पढ़ने उनकी आदत बन गई और उसके परिणाम स्वरूप वह आई. आई. टी. बन पाए और इसी अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में पठन-पाठन की भूमिका को रेखांकित करते हुए रोटरी टीम के प्रयासों की सराहना की। असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन एस. एस. आहूजा ने कहा कि पुस्तके हमेशा ऐसी हमारे जीवन में उन्नति करने में मददगार रही है। विद्यार्थियों को प्रतिदिन एक पीरियड लाइब्रेरी में अवश्य बैठना चाहिए। प्रोजेक्ट चेयरमैन व प्रबंधक कमेटी के सचिव प्रितपाल सिंह ढिल्लों ने कहा कि रोटरी हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के उत्थान के लिए कार्य करता है। जिसमें बच्चों के मानसिक विकास होता है।

**त्योहार** | जिलेभर में धूमधाम के मनाया हरियाली तीज महोत्सव

## गांव खिजरपुरा में आयोजित यज्ञ में ग्रामीणों ने डाली पूणार्हुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गांव खिजरपुरा में हरियाली तीज और शिवरात्रि के उपलक्ष्य में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। रविवार को सुबह दादा खेड़ा पर हवन आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने पूणार्हुति डाली। इसके साथ ही बाबा बिशनपुरी पर मंत्रोच्चरण और शंखनाद के बीच ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। भंडारा समिति और ग्रामीणों की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। ग्रामीण सतपाल ढुल और मास्टर जगीर ढुल ने बताया कि हर वर्ष गांव में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें गांव की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। सावन माह भगवान शिव को विशेष रूप से पसंद है, इसी महीने में भगवान शिव पृथ्वी पर आकर वे अपने आशीर्वाद की वर्षा करते हैं। बारिश से फसल लहलहाती हैं तो हरियाली बढ़ती है। गांव के सरपंच अनिल कुमार धन्ना ने कहा कि श्रावण मास की शिवरात्रि भगवान भोले की भक्ति में रमा यह आयोजन केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि सेवा और समर्पण की सजीव मिसाल है। हर-हर महादेव और बम-भोले के जयकारों से हर कोई भक्ति भाव में सराबोर नजर आता है। महादेव के भक्त भगवान शिव को गंगा जल अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं सिद्धी की कामना करते हैं। सरपंच द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर नंबरदार ज्ञानचंद ढुल, जसबीर फौजी, चंद्रशेखर, मास्टर सुरजीत सिंह, काला ढुल, जसबीर ढुल, सेवा सिंह प्रजापति, सुरजीत जांगड़ा, जगतार सिंह और चंद्र ढुल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### गुरुदेव की याद में मनाना चाहिए तीज महोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर की ओर से श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी श्रीशक्ति देव जी महाराज कुरड़ी वालों के सावन मास की हरियाली तीज महोत्सव पर साप्ताहिक प्रेरणा दी कि तीज महोत्सव हमें अपने ईष्ट व गुरुदेव जी याद में मनाने चाहिए। तीज महोत्सव पर बहन बेटिया झूला झूलती है और मंगल गायन करती है ।प्रत्येक इंसान को अपने हृदय में बैठे आत्मदेव को सर्वोच्च मानना चाहिए क्योंकि आत्मदेव में ही सद्गुरु भगवान की कृपा वास करती है और उसी में देवी देवताओं का प्यार उत्पन्न होता है जिससे हम दिव्य भाव प्रकट करते हैं और गुरुदेव की उपासना करते हैं। गुरुदेव को निराकार परम ब्रह्म सर्वोच्च भगवान मानते हैं इसीलिए आत्मदेव ओंकार भगवान का एक अंश है जो हमारे हृदय के अंदर विराजमान है जो हमारी हर पल हर क्षण नकारात्मक शक्तियों से रक्षा करता है और हमारे जीवन में धन-धान्य भरपूर उत्पन्न करता है। इसीलिए हमें अपने आत्म देव को हमेशा सद्गुरु चरणों में समर्पण करके जीवन यापन करना चाहिए।





### गीता धाम के प्रांगण में किया पौधरोपण

**कुरुक्षेत्र।** हरियाली तीज के पावन अवसर पर ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की कुरुक्षेत्र इकाई के सदस्यों ने तीज के पावन अवसर पर पौधरोपण किया। संघ के सदस्यों द्वारा नगर के प्रमुख धार्मिक गीता धाम में पौधारोपण कर सामाजिक संदेश दिया। संघ के प्रदेश संरक्षक दलबीर मलिक ने कहा कि सावन के पावन अवसर पर ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के सदस्यों द्वारा पौधरोपण का कार्य किया गया जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ- साथ परोपकार का सामाजिक संदेश देना भी है।

चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद दिखे जवान: प्रशासन की ओर से किए गए ठोस बंदोबस्त, परीक्षार्थी भी खुश नजर आए

# सीईटी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न: दूसरे दिन की परीक्षा में दोनों शिफ्ट में 5887 अभ्यार्थियों ने दी परीक्षा, 2984 रहे गैरहाजिर

रविवार को प्रथम चरण में 4469 अभ्यार्थियों में से 2998 और दूसरे चरण में 4402 में से 2889 ही परीक्षा देने पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित सीईटी परीक्षा का रविवार शाम को शांतिपूर्ण समापन हुआ। सीईटी की लिखित परीक्षा के तहत दूसरे दिन अंबाला शहर व अंबाला छावनी में 19 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक तरीके से परीक्षा संपन्न हो गई। प्रशासन द्वारा परीक्षा के दृष्टिगत अभ्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं पहले से ही ठीक रखी गई थी।

बकायदा अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल ने जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा व आरटीए सुशील कुमार के साथ रविवार सुबह अंबाला छावनी बस स्टैंड व अंबाला शहर बस स्टैंड पर अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस मौके पर हेल्प डेस्क, सेंटर काउंटर, शटल बस सुविधा के साथ-साथ अन्य सभी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। अभ्यार्थियों से भी बातचीत करके उन्होंने यहां पर जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई थी उसकी भी जानकारी हासिल की। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि सीईटी-2025 की लिखित परीक्षा का दोनों दिन सफलतापूर्वक आयोजन हुआ है। उन्होंने परीक्षा के दृष्टिगत लगाए गए कर्मचारियों, अधिकारियों, सैंटर अधीक्षक व अन्य सभी की भी सराहना की।

उपायुक्त ने बताया कि दूसरे दिन सीईटी की लिखित परीक्षा का अंबाला शहर व अंबाला छावनी में दो चरणों में सफलतापूर्वक आयोजन करवाया गया। उन्होंनें बताया कि रविवार को प्रथम चरण के तहत 4469 अभ्यार्थियों में से 2998 अभ्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे थे। इसी प्रकार दूसरे चरण में 4402 अभ्यार्थियों में से 2889 अभ्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे थे। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए थे ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की कोई समस्या का सामना ना करना पड़े। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि दोनों दिन अंबाला शहर व अंबाला छावनी में 19 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई सीईटी-2025 की लिखित परीक्षा के तहत पुलिस द्वारा सभी प्रबंध किए हुए थे। सभी ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को परीक्षा को नकलरहित व पारदर्शिता तरीके से करवाने बारे निर्देश भी दिए गए थे। इसके साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था के तहत भी प्रबंध किए गए थे ताकि आमजन के साथ-साथ अभ्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। परीक्षा को लेकर अभ्यार्थियों को जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गई है। चंडीगढ से आए सचिन ने बताया कि वह यहां अंबाला छावनी स्थित बकरा मार्केट के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने पहुंचा था। उसे परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आई है।



अंबाला। सीईटी परीक्षा के लिए रविवार को बस में सवार होते परीक्षार्थी। फोटो: हरिभूमि

## देरी से पहुंची स्पेशल ट्रेन, परीक्षा देने से वंचित रह गए कई परीक्षार्थी

अंबाला। सीईटी परीक्षा के दूसरे दिन रेलवे की ओर से चलाई गई स्पेशल ट्रेनें तय समय से काफी देरी से पहुंचीं। इसकी वजह से काफी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा देने ही केंद्रों तक नहीं पहुंच पाए। विशेष रूप से 04503 सोनीपत-चंडीगढ़ एग्जाम स्पेशल ट्रेन अंबाला कैंट स्टेशन पर 1 घंटा 40 मिनट की देरी से सुबह 7:40 बजे पहुंची, जबकि इसका निर्धारित समय सुबह 6 बजे का था। इससे हजारों छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई रास्ते में ही रह गए। रेलवे से जुड़े सूत्रों के अनुसार स्पेशल ट्रेनों की प्रायोरिटी सबसे कम होती है। प्रायोरिटी के हिसाब से सबसे पहले सुपरफास्ट ट्रेन को निकाला जाता है। सुबह के समय में कई सुपरफास्ट ट्रेन इस रूट पर रहती है जिस वजह से यह ट्रेन लेट हो रही है। इसके अलावा अन्य मेंटेनेंस कार्य के भी कारण ट्रेन लेट हुई है। वहीं, अंबाला कैंट पहुंचने वाली अन्य सामान्य ट्रेन भी प्रभावित रहीं हैं। कई मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें भी काफी लेट रहीं हैं। जिस कारण लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। ऊंचाहार एक्सप्रेस लगभग ढाई घंटे की देरी से अंबाला कैंट स्टेशन पहुंची तो वहीं, दिल्ली अमृतसर रूट की कई ट्रेनें आधा से एक घंटे की देरी से अंबाला कैंट स्टेशन पहुंची हैं।

## परीक्षा की व्यवस्था जांचने सुबह बस अड्डे पहुंचे मंत्री

# अनिल विज ने ड्यूटी पर डटे चालकों की पीठ थपथपाई, तालियां बजाकर किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि सीईटी परीक्षा में सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित परीक्षार्थियों ने भी एक उच्च सार्थक भावना के साथ भागेदारी की है। इसी कारण से इस परीक्षा का आयोजन सफल होने जा रहा है। सीईटी परीक्षा में लगभग 13 लाख से अधिक बच्चों को दो दिनों की चार शिफटों में परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाना बहुत ही बडा दायित्व था।

परीक्षा आयोजित करवाने के लिए विज ने सुबह 5 बजे से ड्यूटी पर तैनात चालकों की पीठ थपथपाई और तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों के खिले हुए चेहरे बता रहे थे कि परिवहन विभाग की व्यवस्थाएं दुरूस्त हैं। अनिल विज रविवार को सीईटी परीक्षा को आयोजित करवाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा किए गए प्रबंधों को लेकर अंबाला छावनी के बस अडडे पर निरीक्षण करने के उपरांत मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

### परिवहन सेवाएं मुहैया करवाना बड़ा टास्क था

परिवहन मंत्री ने कहा कि 'सीईटी परीक्षा के परीक्षार्थियों को बस सेवा मुहैया करवाने के साथ-साथ आम जनता के लिए भी परिवहन सेवाएं मुहैया करवाना बडा टास्क था। तीज का त्यौहार है और शनिवार व रविवार भी है। इन दिनों में लोग अपने घरों में आने-जाने के लिए ज्यादातर परिवहन सुविधा लेते हैं। उन्होंने कहा कि ''उत्सव भावनाओं के साथ मनाए जाते हैं और बिना भावना के कोई भी उत्सव मनाया नहीं जा सकता है।

उन्होंने उदाहरण के तौर पर कहा कि यदि मन के कुंठा है तो कोई दीवाली के दीये नहीं जला सकता है। उन्होंने कहा कि सीईटी परीक्षा में सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित परीक्षार्थियों ने भी एक उच्च सार्थक भावना के साथ भागेदारी की है। इससे पहले विज ने अंबाला छावनी के बस अडडे पर सीईटी परीक्षा को लेकर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उपस्थित परिवहन विभाग के स्टाफ कर्मचारियों व परीक्षार्थियों से बातचीत भी की। अंबाला छावनी बस अडडे पर पहुंचे परिवहन मंत्री ने वहां पर उपस्थित बसों के चालकों से बातचीत की। एक चालक ने बताया कि वह सुबह 5 बजे से ड्यूटी पर तैनात है। इस बात को सुनकर परिवहन मंत्री ने चालकों की डयूटी के निर्वहन के प्रति तालियां बजाकर व पीठ थपथपाई। विज ने इसके उपरांत एक बस में चढकर परीक्षार्थियों से बातचीत की और उनकी परीक्षा के बारे में जानकारी हासिल की। परीक्षार्थियों ने परिवहन सेवाओं के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि उन्हें परिवहन सेवा मिलने के चलते परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई। विज ने अंबाला छावनी के बस अडडे के रिसेप्शन पर जाकर कर्मियों के हाजिरी रजिस्टर को चेक किया। बस अडडे पर जनसेवा रोटी बैंक का भी परिवहन मंत्री ने निरीक्षण किया। परीक्षार्थियों और आम जन को पांच रूपए में भोजन की व्यवस्था की गई। इस मौके पर एसडीएम विनेश, जीएस रोडवेज अश्विनी डोगरा, डीएसपी अंबाला कैट सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।


अंबाला। अंबाला छावनी बस अड्डे का मुआयना करते परिवहन मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

- बस में सवार परीक्षार्थियों से भी बातचीत की
- कहा-परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक उच्च सार्थक भावना के साथ की भागेदारी

## खबर संक्षेप

### अंबाला में महिला के घर चोरी, पुलिस जांच में जुटी



**अंबाला।** बेटी के पास करनाल रहने गई महिला के घर हजारों रुपये का सामान चोरी हो गया। महेश नगर थाना पुलिस को शिकायत देते हुए दयाल बाग की राज रानी ने बताया कि वह घर पर अकेली रहती है। वह अपनी बेटी के पास करनाल गई हुई थी। 15 जुलाई को जब वापस आई तो देखा कि घर के पिछले गेट पर लोहे का ताला टूटा हुआ था। घर के गैस सिलिंडर, एलसीडी, पानी की टोंटी आदि सामान चोरी मिला। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### ट्रांसफर ड्राइव जल्द शुरू न करने पर जताया रोष

**बराड़ा।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य सचिव संदीप खोखर ने शिक्षा विभाग से तुरंत अध्यापक ट्रांसफर ड्राइव शुरू करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग लगातार अध्यापक स्थानांतरण नीति की अवहेलना करता आ रहा है, जिससे शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खोखर ने कहा कि ऑनलाइन अध्यापक स्थानांतरण नीति के तहत हर वर्ष सत्र के प्रारंभ में ही तबादले किए जाने थे लेकिन विभाग कभी भी समय पर ट्रांसफर ड्राइव शुरू नहीं कर पाया। वर्ष 2016 में पहली बार जेबीटी से लेकर पीजीटी तक के तबादले ऑनलाइन प्रणाली से सफलतापूर्वक किए गए थे। उसके 'बिना खर्ची, बिना पर्ची' की नीति के तौर पर खूब सराहा गया था। इसके बाद 2017 और 2019 में भी कुछ वर्गों के तबादले हुए लेकिन जेबीटी को छोड़ दिया गया। वर्ष 2020 और 2021 में ट्रांसफर ड्राइव शुरू करने के बाद बीच में ही रोक दी गई थी। 2022 में अगस्त में तबादले किए गए।

# हरियाणवी लोकगीतों पर जमकर झूमीं महिलाएं

- गांव फतेहपुर 80 स्थित दादा नगर खेड़ा मंदिर में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज: नारायणगढ़

गांव फतेहपुर 80 स्थित दादा नगर खेड़ा मंदिर में पारंपरिक और सांस्कृतिक उत्साह के साथ हरियाणवी तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी की धर्मपत्नी ममता सैनी ने शिरकत की। ममता सैनी के गरिमामयी आगमन से कार्यक्रम की शोभा और अधिक बढ़ गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि तीज महोत्सव हमारी संस्कृति, परंपरा और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बल मिलता है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण संस्कृति में तीज जैसे त्यौहार लोकमानस की आत्मा हैं।

कार्यक्रम में गांव की सरपंच सुनीता देवी, वरिष्ठ कार्यकर्ता बिच्छा राम शर्मा, अमर सिंह शर्मा तथा सरपंच प्रतिनिधि जगमाल सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महिलाओं ने हरियाणवी लोकगीतों पर पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। तीज के गीतों और लोक रंगों से सजे इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति द्वारा सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। फूल मालाओं, शॉल और स्मृति चिह्नों से अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर ममता सैनी ने आयोजकों और ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। भविष्य में भी इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही।


नारायणगढ़। तीज पर झूला झूलती ममता सैनी।

### सावन के उपलक्ष्य में लगाया विशाल भंडारा

**बराड़ा।** सावन के पावन अवसर पर रविवार को शिव मंदिर धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के प्रधान लक्की भराड़ा ने बताया कि यह भंडारा हर वर्ष सावन मास में सिंहपुर क्षेत्र में आयोजित किया जाता है। इस धार्मिक परंपरा का उद्देश्य शिवभक्तों की सेवा करना तथा क्षेत्र में धार्मिक भावनाओं को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि सिंहपुर क्षेत्र से हर वर्ष बड़ी संख्या में युवा कांवड़ लेकर हरिद्वार जाते हैं। वहां से पवित्र गंगाजल लाकर स्थानीय शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पवन कुमार, पवन मदान, कुशल पाल राणा, विनय शर्मा, शानू गोयल, आयुष, गौरव सरदाना, रोहित, राजू, हर्ष, दीपू, सक्षम अरोड़ा, पारुल शर्मा, रिशु मदान, अरुण, गगन ऑबेरॉय, कमल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### विज ने 11 जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के सामूहिक विवाह में प्रत्येक बेटी को दिए 11-11 हजार रुपये


अंबाला। मंत्री अनिल विज को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम श्री अनिल विज ने कहा कि जरूरतमंद बेटियों का सामूहिक विवाह एक पावन आयोजन है और ऐसे प्रयासों की समाज को जरूरत है। विज रविवार को टिंबर मार्केट स्थित श्री दिगंबर जैन अहिंसा बैजनाथ धर्मशाला में जरूरतमंद परिवारों की 11 बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से प्रत्येक बेटी को 11-11 हजार रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम का आयोजन जैन फैलोशिप क्लब सोसाइटी की ओर से किया गया था। विज ने कहा कि फेलोशिप क्लब द्वारा लड़कियों का विवाह कराकर बहुत बड़ा काम किया गया है। विवाह में बेटियों को जो आवश्यक सामान था वो दिया गया है। उन्होंने कहा यह अच्छा प्रयास है जोकि आगे भी चलता रहना चाहिए जितनी क्षमता हो जितनी ताकत हो समाज सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा समाज कल्याण क्षेत्र में जैन फेलोशिप क्लब की हमेशा रूचि व योगदान रहा है।

## सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडूरंग ने कार्यक्रम स्थल का किया मुआयना

# तीज महोत्सव में कलाकार मचाएंगे धमाल, सीएम करेंगे हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के केएम पांडूरंग ने रविवार को अंबाला शहर में सीएम नायब सैनी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ उपायुक्त अजय सिंह तोमर भी मौजूद थे। महानिदेशक के बताया कि 28 जुलाई को नई अनाज मंडी में हरियाली तीज उत्सव पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके साथ-साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज व महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई हैं। महानिदेशक पांडूरंग ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत की गई तैयारियां की समीक्षा भी की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, अतिरिक्त निदेशक वर्षा खंगनवाल, अतिरिक्त निदेशक साहिब सिंह गोदारा, एसडीएम दर्शन कुमार, एचसीएस योगेश मेहता व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। महानिदेशक केएम मकरंग पांडूरंग तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने नई अनाज मंडी स्थित कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए मंच की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, मीडिया गैलरी, पार्किंग व्यवस्था के साथ-साथ यहां पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टाल की जगह का भी मुआयना किया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 28 जुलाई को दोपहर 2 बजे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस मौके पर वह विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में 10 से 12 हजार के करीब महिलाएं शामिल होंगी। हरियाणा की संस्कृति व कला को प्रदर्शित करती हुई यहां पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदेश सरकार तीज उत्सव को पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाने का काम कर रही है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर पंडाल पूरी तरह से सजाया गया है। यहां पर तीज महोत्सव पर झुले भी लगेंगे। उपायुक्त ने जिला की महिलाओं से आग्रह किया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। उपायुक्त ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री इसके उपरांत पुलिस डीएवी स्कूल अंबाला शहर के सभागार में आयोजित उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार -2025 समारोह में शिरकत करेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टि से 800 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। आस पास के जिलों से बसों से आने वाली महिलाओं व अन्य वाहनों से आने वाले लोगों के लिए अनाज मंडी के पीछे पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यह सभी वाहन मानव चौक से होते हुए मंडी के पास पहुंचेंगे। लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए 10 नाके भी लगाए गए है तथा ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारू रूप से चले इसकी भी व्यवस्था की गई है।


अंबाला। कार्यक्रम स्थल का मुआयना करते महानिदेशक केएम पांडूरंग व अन्य अधिकारी।